हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 23 मार्च 2026

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

## पंचमी आज: मंदिरों में होगा देवी मूर्तियों का विशेष श्रृंगार



राजनांदगांव। आज देशभर में नवरात्र पर्व की पंचमी तिथि मनाई जाएगी। नवरात्र पर्व में पंचमी का विशेष महत्व होता है। यही कारण है कि अंचल की सभी देवी मंदिरों में पंचमी को लेकर खास तैयारियां की गई है। मां के श्रृंगार से लेकर आज विशेष पूजा-अर्चना मंदिरों में की जाएगी। नवरात्र पर्व का पांचवा दिन मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता को समर्पित होता है। भगवान कार्तिकेय (स्कंद) की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता कहा जाता है। स्कंदमाता भक्तों को सुख-शांति प्रदान करने वाली है।

इधर मंदिरों में पहले ही दिन से नवरात्र को लेकर रौनक देखने को मिल रही है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में मां के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं समितियों द्वारा भी नवरात्र को देखते हुए रोजाना विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। पंचमी के अवसर पर कई स्थानों पर आज प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।

**फार्म हाउस भूमि बेचना हैं**

50 डिसमिल भूमि जिसका फ्रंट 155 है। तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मार्ग से 200 मीटर अन्दर डामर रोड पर ग्राम मुड़पार स्थित बेचना है।

- संपर्क करें -
9243901653
8770053130

**कमर्शियल प्लाट बेचना हैं**

12 डिसमिल प्लाट साइज 50×105 कुल 5250 लगभग का कमर्शियल प्लाट प्राइम लोकेशन तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग (मेन रोड) ग्राम डूंडेरा में स्थित को बेचना है।

- संपर्क करें -
7770999355
9302526909

# एक सदी पुरानी मंदिर, मां काली के द्वार में लगती है जिले की पहली मंडई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला मुख्यालय के मध्य में स्थित भरकापारा की मां कालीमाई मंदिर मां त्रिपुर सुंदरी का यह रियासतकालीन मंदिर वैदिक और तंत्र अनुष्ठान का अनूठा संगम है। ऐसी मान्यता है कि श्मशान काली की यहां स्थापित मुख्य प्रतिमा स्वयं-भू है, जो काफी प्राचीन है। तकरीबन 100 वर्ष पूर्व 1930 में मंदिर का पूर्णोद्धार हुआ था, तब देवी के सात स्वरूप यानी सतबहनी की स्थापना यहां हुई थी। उस दौरान मंदिर के पास स्थित सरोवर की खुदाई के समय वहां मौजूद मंदिर से ये सात देवियों की मूर्तियां मंदिर लाई गई थी।

### भरकापारा स्थित मां काली मंदिर आस्था का प्राचीन केंद्र

**मां के आंगन में जिले की पहली मंडई :** दीपावली के बाद छत्तीसगढ़ में मेला-मंडई का दौर शुरू हो जाता है, जो महाशिवरात्रि तक अनवरत चलता है। प्राचीनकाल से जिले की प्रथम मंडई मां काली के इसी आंगन में आयोजित हो रही है। यहां दीवाली के बाद भाईदूज के दिन पुराना बस स्टैंड परिसर में मेला सजता-संवरता है। जिसके बाद जिले सहित प्रदेशभर में मेला-मंडई का दौर शुरू हो जाता है। इसके अलावा बाना, बैरन, खप्पर, खड़ग की पूजा और छत्तीसगढ़ की परंपरागत पूजा पद्धति की रस्मे इस देवालय में निरंतर निभाई जा रही है।



### विदेशी भक्त प्रज्वलित करते हैं आस्था की ज्योत

कालीमाई के इस दरबार में चैत्र और शारदीय नवरात्रि बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है। गुप्त नवरात्रि की पूजा नाम के अनुरूप गुप्त तरीके से संपन्न होती है। यहां नवरात्र में श्रद्धालु आस्था के साथ मनोकामना ज्योत प्रज्वलित करते हैं। विदेश के भक्तों की आस्था की ज्योत भी इस मंदिर में प्रज्वलित होती है। मंदिर से जुड़े रघु शर्मा ने बताया कि नवरात्रि में इस वर्ष लगभग 607 ज्योति कलश जंवारा के साथ स्थापित किए गए हैं।

यहां विराजमान मां काली की प्रतिमा सौम्य स्वरूप में है, जो इस मंदिर को अन्य काली मंदिरों से अलग बनाती है, क्योंकि देवी काली की मुद्रा अक्सर रौद्र स्वरूप में होती है। इसके अलावा तंत्र-मंत्र की जतिनी भी पूजा होती है, वो इस चमत्कारिक मंदिर में सालों से होती आ रही है। स्थानीय पंडित बताते हैं कि बड़े-बड़े राजनेता इस मंदिर में माथा टेकने आते हैं, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि मां त्रपुिरा सुंदरी के आशीर्वाद से सत्ता का सुख मलिता है। नवरात्रि के समय इस मंदिर में हजारों की संख्या में भक्त मां के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यहां मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन ▸▸ शेष पेज 8 पर

## हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में कांग्रेसी विधायकों ने कहा: हमारी सरकार थी बेहतर

# वनांचल के विकास के लिए नहीं मिल रहा पर्याप्त फंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला संवाद के चौथे सत्र में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने स्थानीय विधायक इंद्रशाह मांडवी, विधायक भोलाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह और पूर्व विधायक छन्नी साहू से वर्तमान और पूर्व में हुए कार्यों को लेकर कई सवाल किए।

जिले में विकास के मामले को लेकर संसद की उपस्थिति में विधायक इंद्रशाह मंडावी ने केंद्र और प्रदेश की सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ से कटघोरा तक रेल लाइन का कार्य नहीं हुआ है। यहां सिर्फ कागज में ट्रेन चल रही है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में यहां 14 करोड़ का काम हुआ है। उनके द्वारा जो बजट में जोड़ाया गया था, वही काम हो रहा है। उन्होंने स्थानीय कानून व्यवस्था के मामले पर सवाल उठाते कहा कि यहां आदिवासियों की रैली नहीं निकलने दी गई, आदिवासियों को धमकाया गया। वहीं उन्होंने क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के मामले को लेकर कहा कि उनके कार्यकाल में ही शिक्षा के क्षेत्र में काफी अच्छा काम हुआ है। स्कूलों में स्मार्ट टीवी से आधुनिक शिक्षा, शिक्षकों की कमी वाले क्षेत्रों में ट्विटर रखने की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिक्षा नीति ठीक नहीं बनी है। वहीं उन्होंने प्रदेश सरकार पर किसानों के साथ छल करने का आरोप लगाया है।

### विधायकों ने रखे अपने विचार, विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा



### किसान नहीं बेच पाए धान

विधायक भोलाराम साहू के विधानसभा का कुछ क्षेत्र एमएमसी जिले में भी आता है। ऐसे में उन्होंने यहां के विकास के मामले को लेकर कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षा को लेकर कई स्कूलों की स्वीकृति हमने कराया और भूमिपूजन यह कर रहे हैं। वहीं सड़क की स्थिति को लेकर उन्होंने कहा कि शासन को कई बार अवगत कराए हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत निराश्रितों को केवल 500 रुपए ही दिया जा रहा है और तीन माह से पेंशन की राशि नहीं मिली है। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के मामले को लेकर कहा कि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र में अलग-अलग राशि दिया जाना उचित नहीं है। वहीं किसानों के मुद्दे को लेकर उन्होंने कहा कि धान बेचने किसानों को काफी परेशानी हुई। खाद-बीज के लिए भी समस्या हुई। उन्होंने कहा कि कई किसान आज तक अपना धान नहीं बेच पाए हैं।

### घर को संवारने का काम सरकार कर रही

जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में विकास के मामले को लेकर कहा कि प्रदेश की सरकार विकास में कोई कमी नहीं कर रही है। लगातार क्षेत्र में विकास कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ग्राम पंचायत को जिला पंचायत मुख्यालय बनाया गया है। पुरानी सरकार ने यहां केवल घर बनाकर छोड़ा था, अभी इस घर को संवारने का काम प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मोहला में जिला अस्पताल भी बनकर तैयार हो जाएगा। जिससे लोगों को इस क्षेत्र में स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा मिलेगी।

### कांग्रेस सरकार के समय वनांचल में हुआ काम

जिला संवाद कार्यक्रम के आयोजन में अपने कार्यकाल को लेकर पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय उन्होंने यहां महाविद्यालय खोला, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से स्कूल बनाएं, चौकी में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, छछानपहरी सहित अन्य जगहों पर उप स्वास्थ्य केंद्र बनाए गए। उन्होंने कहा कि सभी जलाशय कांग्रेस सरकार के दौरान बनी है, नहर लाइनिंग पर काम हुआ है। वहीं वर्तमान सरकार के सवा दो साल पर उन्होंने सवाल उठाते कहा कि यह सवा दो साल में ठेकाहर्रा से मक्के की सड़क की स्वीकृत होने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ है। धान खरीदी के मामले में उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते कहा कि घर-घर जाकर किसानों का भौतिक सत्यापन किया गया। किसान के बिना उपस्थिति में ही किसान का फर्जी साइन कर किसान के धान को जब्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे पटवारी को सस्पेंड करना चाहिए।



## खबर संक्षेप

### ईद की दी मुबारकबाद

**डोंगरगढ़।** धार्मिक नगरी में रमजान के पाक माह की समाप्ति के बाद ईद का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। नेताओं ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की बधाई दी। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। नेताओं ने कहा कि ईद का त्योहार आपसी प्रेम, त्याग और भाईचारे का प्रतीक है, जो समाज को जोड़ता है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।

### वनांचल की डाली जिले में टॉप पर



**छुईखदान।** साल्हेवारा की होनहार छात्रा कुमारी डाली वर्मा ने जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया है। उसका चयन सैनिक स्कूल के लिए हुआ है। वह पवन वर्मा की पुत्री है। डाली ने प्रारंभिक शिक्षा साल्हेवारा के स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्राप्त किया। वर्तमान में वह केजऊ राम चौरे स्मृति विद्या मंदिर देवरी में पाँचवीं की पढ़ाई कर रही हैं। इस सफलता के लिए उसके दादा जीएल वर्मा ने मार्गदर्शन दिया। डाली की इस उपलब्धि से परिवार के साथ वनांचल क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उसे बधाई दी है।

### भीड़ नियंत्रित करने का दिया सुझाव



**डोंगरगढ़।** सांसद प्रतिनिधि डॉ. तरुण हत्थेल ने मां बमलेश्वरी मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ और संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन को महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। डॉ. हत्थेल ने डीआरएम को पत्र लिखकर प्लेटफॉर्म नंबर 3, 4 और 5 पर आने वाली ट्रेनों के यात्रियों को पुराने रेलवे टिकट बुकिंग क्षेत्र में उतारने की व्यवस्था करने कहा है जिससे श्रद्धालु सीधे वैकल्पिक अंडर ब्रिज के माध्यम से बमलेश्वरी मंदिर, प्रज्ञागिरी और चंद्रगिरि सुगमता से पहुंच सकेंगे। उनका कहना है कि यह व्यवस्था भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने में मदद करेगी और किसी भी प्रकार की अनहोनी की संभावना भी कम होगी। वर्तमान में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ रही है, जिससे स्टेशन और मंदिर क्षेत्र में अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है।

### स्थापना पर कार्यक्रम 27 को

**डोंगरगढ़।** केदारबाड़ी वार्ड स्थित श्री राम मंदिर में श्री सीतारामचंद्र स्वामी आलयम की प्राण प्रतिष्ठा के सात वर्ष पूर्ण होने पर 27 मार्च को धार्मिक आयोजन रखा गया है। रामनवमी महोत्सव के तहत अभिषेक, पूजन एवं महाभिषेक किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार प्रातः 8 बजे से अभिषेक पूजा होगा।

पूरे अंचल में श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा चैत्र नवरात्र का पर्व

# देवी मंदिरों में उमड़ रहे श्रद्धालु पूजा-अर्चना का दौर लगातार जारी



**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में चैत्र नवरात्र श्रद्धा से मनाया जा रहा है। चहुं ओर देवी का जयकारा गूंज रहा है। देवी मंदिरों में माता रानी के दर्शन एवं पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पर्व के पांचवें दिन कल सोमवार को नर्मदा मंदिर में पंचमी मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया जाएगा। नवरात्र शुरू होने के बाद से प्रतिदिन सुबह शाम आरती में भक्तों की कतार लग रही है। इसी प्रकार घिरघोली स्थित सिद्ध बाबा मंदिर, शीतला मंदिर, बंजारी मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर तथा चोरड़ाधाम में कल सोमवार को पंचमी मनाया जाएगा।

## धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नवरात्र के मौके पर मां बम्लेश्वरी की अराधना चल रही । लोग आस्था और विश्वास के साथ सड़क, रेल्वे मार्ग से सफर करने के अलावा पदयात्रा करते हुए यहां देवी दर्शन करने पहुंच रहे है। नीच मंदिर,उपर मंदिर में रोजाना सप्त सती पाठ एवं अनुष्ठान शुरू हो गया है।

शनिवार और रविवार को अवकाश होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना थी किन्तु अपेक्षित संख्या देखने नहीं मिली। कल सोमवार को पंचमी होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। माता की आरती के दौरान महाराष्ट्र से आए शहनाई वादकों सुरील सुर बिखेर रहे है। वहीं मंदिर प्रांगण में शाम से रात तक जस गीत की गूंज सुनाई दे रही है। उपर और नीचे मंदिर में लगी रंगीन लाईटे लोगों को काफी आकर्षित कर रही है।

### सेल्फी जोन में भीड़

यहां पहुंच रहे लोग मंदिर की आकर्षक सज्जा को कैमरे में कैद रहे है। वहीं माता के दर्शन बाद सेल्फी जोन में अपनी तस्वीर खींच रहे है। यहां बड़ी संख्या में लोगों के खड़े रहने से जाम की स्थिति बन रही है जिसे लेकर ट्रस्ट समिति और पुलिस प्रशासन गंभीर नहीं है।

### सरकारी वाहनों का दुरूपयोग

नवरात्रि व्यवस्था के नाम पर शासकीय वाहनों का दुरूपयोग देखने मिल रहा है। जनप्रतिनिधि और अधिकारियों के परिजन को सरकारी वाहन से यहां पहुंच रहे है। स्थानीय अधिकारियों के अलावा प्रदेश स्तर के अधिकारियों के वाहनों को मंदिर परिसर में देखा जा रहा है।

## देवी मंदिरों में आज मनेगी पंचमी



### पदयात्रियों की सेवा में जुटे लोग



पर्व के मौके पर दूर दराज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पदयात्रा करते हुए बम्लेश्वरी दर्शन के लिए जा रहे हैं। कवर्धा, बेमेतरा, दुर्ग जिले के भक्त इसी मार्ग से डोंगरगढ़ जा रहे।पदयात्रियों की सेवा में लोग जुटे हैं। नर्मदा मंदिर के समीप, अतरिया पेट्रोल पम्प में पदयात्रियों के लिए जलपान एवं ठहरने की व्यवस्था की गई है।

# प्रबंधकों को सताने लगी धान सूखत की चिंता

खरीदी केन्द्रों में है अब तक धान का स्टाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धान खरीदी के बाद अब तक उसका उठाव नहीं होने से समितियों को सूखत की चिंता सताने लगी है। उल्लेखनीय है कि 30 जनवरी तक किसानों के धान की खरीदी की गई। खरीदी के दौरान उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव काफी सुस्त रहा। कुछ केन्द्रों में धान का उठाव का प्रतिशत दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाया था। खरीदी के बाद सरकार एवं विभाग ने फरवरी के अंत तक धान का उठाव कर लेने का दावा किया था परन्तु मार्च के पहले पखवाड़ा तक धान का उठाव नहीं हो पाया है। कुकुरमुड़ा अतरिया, विचारपुर, बुन्देली, संड़ी, ठाकुरटोला सहित अन्य केन्द्रों में धान का एक बड़ा स्टाक अब भी रखा हुआ है। इन केन्द्रों से धान का उठाव तो हो रहा है किन्तु गति काफी सुस्त है।

### अब तक धान का नहीं हुआ उठाव

जानकारी के अनुसार नवम्बर माह में खरीदे गए धान का ढ़ेर पहले लगा है जिसका उठाव अंतिम पड़ाव में होता है जिससे सूखत की समस्या अधिक रहती है। जानकारी मुताबिक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में सहकारी समिति को धान सुखत का कोई प्रावधान नहीं है। जितनी मात्रा में समिति ने धान खरीदा है उतना ही विभाग को देना होगा। लगातार गर्मी बढ़ने तथा धान का स्टाक बीते तीन माह से ढेर लगे होने से वजन में बड़ी कमी आने की आशंका है।

## बेरोकटोक बिक रही शराब

**डोंगरगढ़।** शहर में इन दिनों अवैध शराब की बिक्री धडल्ले से हो रही है। सरकारी दुकान से शराब लाकर कोचिया शहर के चौक चौराहों में खुले आम बेच रहे हैं। नवरात्रि के एक दिन पहले पुलिस ने शराब कोचियों को पकड़ा भी किन्तु पुलिस यह पता लगाने में नाकामयाब रही कि बरामद शराब को कहां से लाया गया? जानकारी के अनुसार शराब दुकान के कर्मचारी कोचियों से अतिरिक्त राशि वसूल कर शराब उपलब्ध करा रहे है जिसे रोकने को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं है।

## माता कर्मा का जीवन देता है प्रेरणा : हिरेंद्र



**डोंगरगांव।** शहीद ग्राम बादराटोला में ग्रामीण साहू समाज एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में भक्त मां कर्मा की जयंती के मौके पर पूजा अर्चना कर कलश यात्रा निकाला गया। गांव भ्रमण के दौरान सामाजिकजनों ने आरती की। मंडल साहू समिति भवन में आयोजित कार्यक्रम में हिरेंद्र साहू ने बताया कि माता कर्मा का जन्म पापमोचनी एकादशी को राम शाह के घर हुआ था। माता कर्मा अपने माता-पिता के साथ कृष्ण भगवान की उपासना की। भगवान श्री कृष्ण ने मां कर्मों को आशीर्वाद दिया तब से भगवान जगन्नाथ पुरी में सबसे पहले खिचड़ी की भोग लगाई जाती है और मंदिर सभी समाजों के खुला रहता है।इस दौरान महेश दास सोनवानी, गिरधारी लाल कश्यप, दिग्विजय दास सोनवानी, भुपेंद्र साहू, रामजीलाल साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन लूमेंद्र साहू ने किया। इस दौरान खेलावन साहू, द्वारका साहू, मुनेंद्र साहु, तीजू साहू, मंथिर साहू, घनश्याम साहू, बैजनाथ साहू, दिलेश्वर साहू, जोहन साहू, नारायण साहू, डोमार साहू, घसिया साहू, देवधर साहू, मुकेश, दिलेश्वर, मनबोध साहू, नूतन साहू, दीनू, गोपी, बिरेंद्र, जितेंद्र, भानु साहू आदि उपस्थित थे।

# गूंजी कर्मा की आरती, विवाह की रस्मों में थिरके लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

साहू समाज के आयोजन में रविवार को भक्ति और सामाजिक सरोकार का अनूठा संगम देखने मिला। सामाजिक जनों श्रद्धा और उत्साह के साथ आराध्य देवी माता कर्मा की जयंती मनाया। वहीं सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को बढ़ावा देने के लिए वैदिक रीति-रिवाजों से आदर्श विवाह का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डां. निरेन्द्र साहू और जिला अध्यक्ष भागवत साहू के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव और सामूहिक आदर्श विवाह समारोह की वृहद रूपरेखा तैयार की गई थी। मटिया स्थित कर्मा भवन सादगी के साथ आयोजित कार्यक्रम की शुरुवात में साहू समाज की आराध्य माता कर्मा की पूजा-अर्चना और आरती की गई।





### थामा एक-दूसरे का हाथ

सामाजिक जनों को शादी में होने वाले खर्च से बचाने के लिए आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। विवाह के पूर्व सामाजिक रीति रिवाज के मुताबिक विभिन्न रश्मे पूरी की गई जिसमें समाज के लोगों ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाया। रश्मों के दौरान परिजनों और सामाजिकजन मंगल गान के बीच जमकर थिरकते नजर आए। इस मौके पर छह जोड़े एक-दूसरे के हमसफर बने।

### समाज में दिया आदर्श विवाह को बढ़ावा

समारोह में शामिल हुए सासंद संतोष पांडे ने आदर्श विवाह की नींव रखने का श्रेय साहू समाज को देते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में इस प्रकार को बड़ी संख्या में आयोजन किया जाता है जिससे आम परिवारों को मंहगी शादियों से राहत मिल रही है। इस मौके पर विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, गोपाल साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत, जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू, विभा साहू, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू, जनपद सदस्य रवि साहू, अंजू त्रिपाठी, माधव साहू, नीलमणी साहू, शिवराम साहू, कौशलकुमार साहू, पुरूषोत्तम साहू, गुलशन हिरवानी, महेश्वर साहू, गणेश साहू, अमरनाथ साहू, यशवंत साहू, देवेन्द्र साहू, नीलम साहू, सुनीता साहू, हंसू साहू, घनश्याम साहू, उमेश साहू, कृष्णकुमार साहू आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## अस्मिता हॉकी लीग टूर्नामेंट का हुआ रंगारंग उद्घाटन



**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में भारतीय खेल प्राधिकरण (सांई), भारत सरकार, हॉकी इंडिया, छत्तीसगढ़ शासन एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के संयुक्त तत्वावधान में अस्मिता हॉकी लीग 2026 का भव्य उद्घाटन किया गया। आयोजन में अतिथि के रूप में अभिमन्यु मिश्रा, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी बतौर अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर अभिमन्यु मिश्रा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के जोश, अनुशासन और खेल भावना की सराहना करते कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवा प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का मजबूत माध्यम बनते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेलप्रेमी, खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिससे पूरा स्टेडियम उत्साह और उमंग से सराबोर नजर आया।



## जनरल स्टोर्स में दिनदहाड़े चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

नागरकोहरा रोड़ स्थित रंगीटोला में संचालित विनय जनरल स्टोर्स से गल्ला सहित 5000 की दिनदहाड़े चोरी हो गई। घटना की जानकरी चिचोला थाना को तत्काल दी गई। साल भर पहले तरुण जनरल स्टोर्स में ताला तोड़कर नगदी और सामान की चोरी हुई थी। इसी प्रकार 6 से 7 माह पहले जीरोड़ से लगी माहेश्वरी किराना स्टोर्स से नई गाड़ी चोरी चली गई थी। चोर का अब तक पता नहीं चला है।

# दो सड़क हादसे में दो की मौत

## अंजोरा पुलिस चौकी व सोमनी क्षेत्र में दुर्घटना

**राजनांदगांव।** नेशनल हाईवे में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार अंजोरा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत सुबह लगभग 3-4 बजे करीब कार मरमरा मोड के पास डिवाइडर से जा टकराई। बताया गया कि इस घटना में कार में सवार युवक जिसका नाम हर्षदीप सिंह 35 वर्ष बल्देवबाग निवासी है, को गंभीर चोंटे आई थी। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई की।

### ओवरटेक के प्रयास में दुर्घटना

इधर सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत भी आज शाम एक दुर्घटना हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बाइक में सवार होकर भिलाई निवासी नागराज साहू 45 वर्ष एवं उसकी पत्नी राजनांदगांव से दुर्ग की ओर जा रहे थे। बताया गया कि शाम लगभग साढे पांच बजे वे टेडेसरा के पास पहुंचे ही थे कि ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इस दौरान बाइक फिसल गई और बाइक सवार ट्रक की चपेट में आ गया। पुलिस के मुताबिक इस घटना में बाइक सवार नागराज की मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी घायल है, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है। इधर हाईवे में लगातार हो रही दुर्घटनाओं से लोगो में भय व्याप्त होने लगा है।

पेज 07 का शेष

### एक सदी पुरानी...

से दर्शन करने पहुंचता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। मंदिर के महंत अजयनाथ पांडेय ने बताया कि मां भगवती की अमृत कृपा इस दरबार में अनवरत बरस रही है। यहां सच्ची श्रद्धा के साथ मां का स्मरण करने वाले भक्तों की मां सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती है और उनके सारे कष्टों को हर कर सुखमय जीवन का आशीर्वाद प्रदान करती है।

### जीवराखनलाल का निधन



**जेवरतला रोड।** ग्राम भरदा (ट) निवासी शिक्षक जीवराखन लाल निर्मल 81 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे नरेश, अश्वनी व रामकुमार निर्मल के पिता थे।

राजा गिरिराज किशोरदास ने घर पहुंचकर दी बधाई

# भाईचारे के साथ मनाई गई ईद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

अपनी गंगा जमुनी तहजीब के लिए मशहूर नगर में रमजान खत्म होने के बाद ईद ऊल फितर उल्लास के साथ मनाया गया। सभी वर्ग के लोगों ने त्यौहार में शामिल होकर खुशियां बांटा और भाईचारे को मिशाल पेश किया।

रमजान के आखिरी दिन ईद की नमाज के बाउ नगरवासियों ने मुस्लिमों के घर पहुंचकर बधाई दी। छुईखदान के राजा और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजा गिरिराज किशोर दास ने ईद के मौके पर मुस्लिम भाइयों को बधाईयां दी। उन्होंने कहा यह त्यौहार त्याग और संबल का त्यौहार है जिसमें मुस्लिम भाई दिन भर निर्जला व्रत रखकर अल्लाह की इबादत करते है। शहर और वतन को सलामती की दुआ करते है । उन्होंने जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान के घर पहुंचकर कर ईद की बधाईयां दी। इस दौरान संजीव दुबे, सुदीप श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, देव वैष्णव सहित अन्य उपस्थित थे। इसी क्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष नम्रता दास ने मुस्लिम समाज के लोगों को बधाईयां दी। समाजसेवी संजीव दुबे ने कहा आज दो पर्व एक साथ मनाया जा रहा है। एक तरफ ईद है तो दूसरी तरह नवरात्रि की धूम है।



### सुबह हुई ईद की नमाज

जमा मस्जिद में नमाज सुबह साढ़े नौ बजे अदा की गई। मुस्लिम समाज के इमाम हाफिज सरीफुल हक साहब ने नमाज अदा कराकर शहर और वतन की सलामती की दुआ की। नगर में ईद हर्षोल्लास, शांति और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के दो युवा अब्बास खान और शेख अमन खान ने दस दिनों का एहतकाफ कर नगर की सलामती के लिए इबादत की। नमाज के बाद मस्जिद पहुंचकर समाज सेवी संदीप महोबिया ने ईद की बधाई दी। इस दौरान सज्जाक खान, शेख निजमुद्दीन, शेख इब्राहिम, हाजी यूसुफ सोलंकी, हाफिज सरीफुल हक, हाफिज इलियास, अहमद रिजवी, सैयद आबिद अली, सैयद साजिद अली, सैयद माजिद अली, सैयद जफर अली, दादू खान, इमरान खान, पप्पू भाई, हाजी आजम खान, हाजी शब्बीर खान, अमजद खान, आशु भाई, शोएब खान, मो शादाब खान, मो रियाज खान, शेख आयुष खान, शेख फरीद, शेख महफूज, शेख मोहम्मद अर्श, मो आजम, फरहान खान, रेहान खान, अनस खान, फैजान खान, ओवेश खान, शेख वकील, हुसैन खान, मो नसीम, राइनी, मो फैजान, मो रेहान, शेख अनवर खान, पप्पू भाई, अफरीदी खान, शेख समीर, विक्की सोलंकी, टीपू सोलंकी, सारिक खान, माजिद खान, लाला खान, पाले खान, अमन खान, गट्टू खान, रशीद खान, बबलु खान सहित अन्य मौजूद थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# नए जिले में विकास की अपार संभावनाएं, धीरे-धीरे सभी क्षेत्र में हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला संवाद के तीसरे सत्र में बारी आई स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की जहां आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह और वन परिक्षेत्र अधिकारी दिनेश पटेल से वनांचल जिले के विकास कार्यों और जनता के मुद्दों पर सवाल किया।

कलेक्टर ने जिला संवाद के इस कार्यक्रम की सराहना करते कहा कि यह नवगठित जिला है। ऐसे कार्यक्रम से कई बातें जानने मिलती है। उन्होंने कहा कि यहां कलेक्टर के रूप में उनका पहला कार्यकाल है। यह आदिवासी बाहुल्य जिला है, जहां कार्य करने की काफी संभावना है। उन्होंने कहा कि यहां तीन महाविद्यालय, जिला कलेक्टोरेट कंपोजिट कार्यालय बन रहा है। आने वाले समय में बेहतर विकास जिले में देखने मिलेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधियों का बेहतर सहयोग रहता है। शिक्षा के क्षेत्र में प्राइमरी, मिडिल और हाईस्कूल का सेंशन आया है। उन्होंने कहा कि यहां शिक्षकों की कमी है, उसकी पूर्ति की जा रही है। मिडिल स्कूल में शिक्षक कम है। जिला खनिज न्यास मद से हम शिक्षा और स्वास्थ्य पर काम करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यहां अभी जिला अस्पताल नहीं है। एक से डेढ़ साल में जिला अस्पताल का निर्माण हो जाएगा। विकास की गति को लेकर कलेक्टर ने कहा कि धीरे-धीरे विकास कार्य हो रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मानपुर में अब डायलिसिस की सुविधा शुरू हो गई है। वहीं महीने में यहां एक दिन मेडिकल बोर्ड की शुरूआत की गई है।



### वन संपदा की हो रही सुरक्षा

नक्सलवाद की वजह से प्रभावित हो रहे वन संपदा, वन्य प्राणी के मामले को लेकर डीएफओ ने कहा कि पहले यहां वन्य प्राणी और जंगल की सुरक्षा का काम नक्सलियों की वजह से प्रभावित होता था। अब यहां वन्य प्राणियों की संख्या बढ़ रही है। जिला बनने का फायदा वन विभाग को हुआ है। अब सागौन की अवैध कटाई रोकने के लिए भी विभाग के लोग जंगल के भीतर तक पहुंच रहे हैं। जिससे अब अवैध कटाई यहां संभव नहीं है।

### नक्सलवाद पर बदल गई परिस्थितियां

जिले में कानून व्यवस्था और नक्सलवाद के मामले को लेकर एसपी वाईपी सिंह ने कहा कि वर्ष 2009 में उन्होंने इस क्षेत्र में नक्सल ऑपरेशन की कमान संभाली है, तब इस क्षेत्र की परिस्थितियां काफी अलग थी। उन्होंने बताया कि यहां 40 वर्ष से जो नक्सली आतंक था, सरकार ने यहां नक्सलियों की रीढ़ तोड़ने का काम किया है। 31 मार्च तक नक्सलवाद के खाते के लिए हम सब लगे हुए हैं। उन्होने कहा कि यहां अब ऐसी स्थिति है कि आज बिना सुरक्षा भी जनप्रतिनिधि महाराष्ट्र के बागडोंगरी तक जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2009 में यहां 120 नक्सली थे। 12 बड़े नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि मानपुर-मोहला जिला मिलाकर अब लगभग 6 नक्सली ही बचे हैं। वहीं कानून व्यवस्था के तहत आपराधिक तत्वों पर भी कार्रवाई हो रही है।

## हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए जनप्रतिनिधियों ने साझा किए अपने विचार

# वनांचल में विकास नहीं, नेताओं ने एक-दूसरे पर मढ़े आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव/मोहला/अंबागढ़ चौकी

जिला संवाद के आयोजन में दूसरे सत्र का संचालन आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी द्वारा किया गया। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जनता से जुड़े मुद्दों और क्षेत्र के विकास पर सीधे सवाल किए। जनप्रतिनिधियों के इर पैनल में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने जिला विकास के मुद्दे को लेकर कहा कि कांग्रेस ने जिला बनाया, अब 2 साल से काम रूका पड़ा है। यहां राजनांदगांव-अंबागढ़ चौकी सड़क जर्जर हो गई है। इस सड़क में अब रीटेंडर हो रहा है। वहीं शिक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि यहां आत्मानंद स्कूल कांग्रेस सरकार ने खोला, पुल-पुलिया पर भी काम हुआ, भोजटोला और तोड़के का पुल निर्माण पूर्णतः की ओर है। वहीं जिला भाजपा प्रवक्ता व सांसद प्रतिनिधि राजू टांडिया ने जिला बनने के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम नहीं करने को लेकर कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने कुछ नहीं कराया। जिला बनने के बाद इनकी सरकार ढाई साल रही, आज भी कलेक्टोरेट एक हॉस्टल में चल रहा है। अब हमारी सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम कर रही है, सड़कों का निर्माण हो रहा है।

**चौकी नगर हमेशा रहा अपेक्षित**

चौकी नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने इस क्षेत्र की पीड़ा को सामने रखते कहा कि 18 साल से अंबागढ़ चौकी शहर हर मामले में छला गया है। यहां की आखिरी उम्मीद मुझसे है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 में अंबागढ़ चौकी का नाम विलोपित कर इसे खुज्जी विधानसभा कर दिया गया। जबकि खुज्जी डोंगरगांव क्षेत्र में आता है। उन्होंने कहा कि इस 3 साल में भी चौकी को कुछ नहीं मिला। कांग्रेस सरकार ने जिला अस्तित्व में लाया, लेकिन अब तक विकास कार्य नहीं दिख रहा है। चौकी हर मामले में उपेक्षित है। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार विकास हो रहा है। सीएम ने अपने सारे वादे पूरे किए हैं। महतारी-बहनों को महतारी वंदन योजना से मिल रही राशि से वह सशक्त होकर रोजगार भी चला रही है। आवास योजना पर बेहतर काम हुआ है। भाजपा सरकार में सब खुशहाल और समृद्ध है।

**विकास के लिए रखे सुझाव**



**आरोप और प्रत्यारोप का दौर**



**विकास का बताया रोडमैप**



जिले के विकास को लेकर सभी क्षेत्र से जुड़े लोगों ने साझा किए अपने सुझाव

# वन और खनिज संपदा से भरपूर वनांचल जिले को उद्योग की आवश्यकता, शिक्षा के क्षेत्र पर भी करना होगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव/मोहला/अंबागढ़ चौकी

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में आईएनएच-हरिभूमि का 15वां जिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। साय सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर अंबागढ़ चौकी स्थित लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम में राजनीतिक, प्रशासनिक, शिक्षा, व्यापार सहित अलग-अलग क्षेत्र से शामिल हुए प्रतिनिधियों ने जिले के विकास, योजनाओं, कानून व्यवस्था और मुद्दों पर खुलकर बात रखी। इस आयोजन में हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने लोकसभा सांसद संतोष पांडे से विकास के मुद्दे पर सीधी बात की।

नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विकास और यहां के लोगों के मुद्दों को लेकर इस बड़े संवाद मंच के आयोजन की लोगों ने सराहना की। जिला संवाद कार्यक्रम पांच सत्रों में आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों ने उद्योग और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से जनता के इस मंच पर रखा।



### उद्योग की अपार संभावनाएं

जिला संवाद के आयोजन में उद्योगपति संजय जैन ने कहा कि सड़क, पानी, बिजली को लेकर पहले से अच्छी स्थिति है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति में सुधार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यहां अमीर धरती के गरीब लोग बसते हैं। यह जिला वन और खनिज संपदा से लबरेज है। यहां सागौन, लाख, महुआ, मक्का, हर्रा, बेहरा सब कुछ है। यहां एक बड़ा उद्योग होना चाहिए। यहां से निकलने वाला आयरन ओर दूसरे जिलों में जा रहा है। स्थानीय स्तर पर उद्योग होने से लोगों को रोजगार मिलेगा।

### शिक्षा के विकास पर हो काम

शिक्षाविद देवानंद कौशिक ने कहा कि लंबे समय से यहां विभागीय पदोन्नति रूका हुआ था, जिसे वर्तमान शासन ने मंजूरी दी है, लेकिन यहां शिक्षकों की कमी है। यहां एकल शिक्षकीय प्राथमिक विद्यालय है। अध्यापन कार्य शिक्षकों के कर्मचारियों से प्रभावित हो रहा है। वहीं शिक्षाविद पूर्णानंद नेताम ने कहा कि यहां उच्च शिक्षा संस्थान होने चाहिए, लगातार पॉलिटेक्निक कॉलेज की मांग की जा रही है। जिसके इंप्लीमेंट में कमी दिखती है। यहां बच्चे झोपड़ी, किराये के मकान या झाड़ के नीचे पढ़ रहे हैं। मानपुर ब्लॉक में ही 90 एकल शिक्षकीय स्कूल हैं और 55 स्कूल भवन जर्जर हो चुके हैं।

### कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल

जिला संवाद के प्रथम सत्र में आईएनएच-हरिभूमि के नेशनल ब्यूरो हेड शैलेष पांडेय द्वारा संचालित संवाद में समाजसेवी नारायण खंडेलवाल ने कहा कि नए जिले में जो लोगों की अपेक्षा है, वह पूरी नहीं हो पा रही है।उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना पर सवाल उठाते कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा लागू योजना में लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री मिलनी चाहिए थी, लेकिन हकीकत इससे उलट है। ग्रामीणों को महंगे और कम गुणवत्ता वाले सामान थमाए जा रहे हैं। जिससे हितग्राही लूट रहे हैं। व्यापार जगत के चेंबर ऑफ कॉमर्स से जुड़े पवन गुप्ता ने कहा कि यहां उद्योग की कमी है। यहां पिछले कांग्रेस शासनकाल में कृषि कॉलेज चल रहा था, जो बंद हो गया। जैसी योजना आनी चाहिए थी वैसा विकास नहीं हो रहा है। उन्होंने उद्योग के क्षेत्र को लेकर कहा कि यहां लाख का उत्पादन काफी अच्छा है। लाख से संबंधित और तेंदूपत्ता से संबंधित उद्योग को लगाकर यहां उद्योग के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस नए जिले में यातायात दुरूस्त करने की जरूरत है और नशे पर लगाम लगाना आवश्यक है।

## जिला संवाद कार्यक्रम में एमएमसी जिले के लोगों ने भी दिखाया उत्साह



# वनांचल में निःस्वार्थ भावना के साथ काम करने वाले विभूतियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि और आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद के कार्यक्रम में वनांचल में निःस्वार्थ भावना के साथ सेवा करने वाले समाजसेवियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में हरिभूमि और आईएनएच के प्रधानसंपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, सांसद संतोष पांडे, विधायक इंद्रशाह मंडावी, विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, एमएमसी जिले की जिला पंचायत अध्यक्ष न्रमता सिंह, राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने समाजसेवियों का सम्मान किया।

वनांचल में बच्चों को निःशुल्क कोचिंग देने के लिए मोहला के समाजसेवी संजय जैन का सम्मान किया गया। निचेकोड़ा गांव के हर घर में कलाकार होने पर गांव के उपसरपंच सुजानिक निर्मलकर, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने पर हाथीकन्हार स्कूल की प्रधानपाठिका सरोज साहू, समाजसेवी गौरीशंकर यादव और पर्यावरणविद रामदयाल साहू का सम्मान किया। इसके साथ ही आयोजन में सहयोग करने के लिए शासकीय लाल चक्रधर शाह कॉलेज के जनभागीदारी के अध्यक्ष एवं पार्षद काशी निषाद, सहायक प्राचार्य प्रो. आर. परतेती, प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सह-कार्यालय प्रभारी गुलाब गोस्वामी, गोटाटोला के समाजसेवी विजय जैन, पायल ज्वेलर्स के संचालक विकास सोनी, ठाकुर कम्प्यूटर शाप एंड एकेडमी के लाखेश्वर ठाकुर, सांई कम्प्यूटर एवं इलेक्ट्रानिक्स के विकास ठाकुर, संदीप दुबे, गोपाल ट्रैक्टर चौकी के विकास देवांगन, भाजपा नेता अनिल गुप्ता तथा राधेकृष्ण हास्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर के डॉ. चेतन साहू का सम्मान किया गया। जिला संवाद कार्यक्रम की लोगो ने भरपूर सराहना की। उन्होने कहा कि ऐसे आयोजन हमेशा आयोजित होने चाहिए।

## वनांचल के रहवासियों ने कहाः कार्यक्रम से सामने आती है जमीनी हकीकत

# जिला संवाद कार्यक्रम की लोगों ने की भरपूर सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला संवाद कार्यक्रम के आयोजन को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि, विधायक और संसद, प्रशासनिक अधिकारियों से सीधे सवालों को सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति से ऑडिटोरियम भरा रहा। वहीं लोग अपने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के जवाबों को गेट के समीप खड़े होकर भी सुन रहे थे। आईएनएच-हरिभूमि द्वारा आयोजित किए गए इस जिला संवाद कार्यक्रम को स्थानीय लोगों ने काफी सराहा। इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र के विकास, जनता के मुद्दे और योजनाओं को लेकर पूछे जा रहे सवालों को जनता का बेहतर प्रतिसाद मिला।





### आयोजन में डटे रहे लोग

आयोजन में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, व्यापार और समाजसेवा से जुड़े लोगों के अलावा आम नागरिक भी शामिल हुए। वनांचल क्षेत्र में इस वृहद आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह भी नजर आया। लगभग 3 घंटे तक चले इस जिला संवाद कार्यक्रम में लोग डटे रहे।

### जिला संवाद कार्यक्रम बेहतर माध्यम

वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधि, सत्तापक्ष और विपक्ष सहित प्रशासन के उच्च अधिकारियों को मंच पर बुलाकर जनता से जुड़े मुद्दों पर सवाल करने का जिला संवाद का आयोजन बेहतर माध्यम है, जहां एक मंच पर ही जिले के विकास और लोगों से जुड़े मुद्दे एवं योजना पर बात करने का अवसर मिलता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### किसानो की बढ़ी चिंता, मौसम में उतार-चढ़ाव से किसान परेशान



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, कुण्डा, दामापुर, भगतपुर, धनेली, मोहतराकला, कंझेटा, बसनी, पीपरमाटी, सेमरकोना सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसान की चिंता बढ़ गई है। पिछले दिनों से मौसम में परिवर्तन व हल्की-तेज आंधी-तूफान को देखकर किसानों की चिंता कम होने का नाम नहीं ले रही है। वहीं रबि फसल चना, गेंहू, मसूर व तिवरा के फसल में कीट प्रकोप बढ़ने से किसानों की मेहनत खेती-किसानी पर संकट के बादल छाया हुआ है। बताया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं पर हल्की वर्षा हो रहा है तो कहीं पर हल्की तेज आंधी तूफान तो कई जगह आसमान में काले बादल छाए हुए हैं, जिससे मौसम में उतार चढ़ाव व मौसम में परिवर्तन को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण किसानों का चेहरे में चिंता साफ दिखाई दे रहा है, जिससे खेतों में खड़ी रबि फसल चना, गेहूं, और मसूर जैसे फसल की उत्पादन में कमी होने की आंशका बनी हुई है।

### पीएम सड़क जर्जर, गिट्टी-बोल्डर और नुकीले पत्थरों से छात्र-छात्राएं व ग्रामीण परेशान



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग चौक से ग्राम पंचायत सिंघनपुरी व गांगचुवा जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार बरसात के दौरान सड़क की डामर परत उखड़ गई, जिसके कारण अब सड़क पर गिट्टी, बोल्डर और नुकीले पत्थरों का भरमार है, जिस कारण ग्रामीणों व राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में यह सड़क कीचड़ से लथपथ हो जाती है और गांव मानो टापू में तब्दील हो जाता है। वहीं गर्मी के मौसम में सड़क से उड़ने वाली धूल-गुब्बारे और नुकीले पत्थर से स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहे हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द पीएम सड़क की मरम्मत और सुधार कार्य कराने की मांग की है, ताकि लोगों को आवाजाही में राहत मिल सके।

### पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने किया जनसंपर्क



**हरिभूमि कवर्धा।** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के रामपुर ब्लॉक में पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर का सघन जनसंपर्क व दौरा कर परिचर्चा किया। उन्होंने धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए क्षेत्र में अलग संदेश दिया। उन्होने सिंघनगढ़ में ज्योत ज्वांरा दर्शन और ईद मिलन, सौहार्द का संदेश शनिवार को अपने दौरे के दौरान श्रीमती ममता चंद्राकर ग्राम सिंघनगढ़ पहुंचीं, जहां स्थानीय ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर उन्होंने माता रानी के दरबार में पूजा-अर्चना कर ज्योत-जवारा के दर्शन किए और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने सभी को ईद की बधाई दी और आपसी भाईचारे व सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थें। सूरजपुरा में शोकसभा में पहुंचकर दी श्रद्धांजलि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के पश्चात ममता चंद्राकर ग्राम सूरजपुरा पहुंचीं, जहां उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्व.छत्तर साहू के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल परिवार से भेंटकर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान परिवारजनों ने उनके संवेदनशील व्यवहार के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्णेश साहू, ओंकार सेन, श्री पांडेय, जनार्दन साहू, लुकराम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित जन उपस्थित थें।

पेज 07 का शेष

### एक सदी पुरानी...

से दर्शन करने पहुंचता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। मंदिर के महंत अजयनाथ पांडेय ने बताया कि मां भगवती की अमृत कृपा इस दरबार में अनवरत बरस रही है। यहां सच्ची श्रद्धा के साथ मां का स्मरण करने वाले भक्तों की मां सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती है और उनके सारे कष्टों को हर कर सुखमय जीवन का आशीर्वाद प्रदान करती है।

**कार्यक्रम : मुख्यमंत्री ने सामुदायिक भवन के लिए 50 लाख, यज्ञशाला के लिए 20 लाख तथा मिनी स्टेडियम के निर्माण की घोषणा की**

# सीएम साय वीरांगना अवंतीबाई लोधी के 168 वें बलिदान दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल






■ संत महात्माओं की पुण्य धरा, प्रभु श्रीराम के नौनिहाल को विकसित और समृद्ध बनाने संकल्पित है हमारी सरकार : सीएम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ संत-महात्माओं की पुण्य भूमि और प्रभु श्रीराम का नौनिहाल है, जिसे विकसित और समृद्ध बनाना राज्य सरकार का संकल्प है। शांति, सुरक्षा, खुशहाली और सुशासन के मूल मंत्र के साथ 3 करोड़ प्रदेशवासियों की खुशहाली हमारा ध्येय है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को जिले के ग्राम सेमरिया में वीरांगना अवंतीबाई लोधी के 168 में बलिदान दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सेमरिया के साथ कुम्हार-दनिया, गोछिया, भाटकुंडेरा, दनिया खुर्द एवं दानीघटोली सहित कुल 6 ग्रामों में लगने वाली प्रतिमाओं का लोकार्पण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सामुदायिक भवन, मिनी स्टेडियम और यज्ञशाला निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की अमिट मिसाल है। उन्होंने सीमित संसाधनों और छोटी सेना के बावजूद अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया और देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। ऐसी महान विभूति से हमें प्रेरणा लेकर अपने जीवन में राष्ट्रसेवा और समाजहित के मूल्यों को अपनाना चाहिए। उन्होंने लोधी समाज की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज ऐतिहासिक रूप से वीरता, नैतिकता और राष्ट्रसेवा के लिए जाना जाता है। स्वतंत्रता संग्राम में इस समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है और आज भी यह समाज देश और प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज की नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से अवगत कराना आवश्यक है, ताकि वे उसी परंपरा को आगे बढ़ा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों, गरीबों और महिलाओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ी संख्या में लोगों को आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। होली से पूर्व अंतर की राशि का भुगतान कर किसानों को राहत पहुंचाई गई, जिससे उनके त्यौहार में खुशहाली आई। महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। अब तक 25 किश्तों के माध्यम से 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। इससे मातृशक्ति आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही है। सीएम श्री साय ने कहा कि प्रदेश में आस्था और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए रामलला दर्शन योजना संचालित है, जिसके तहत अब तक 42 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या जाकर भगवान श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं। इसके साथ ही युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए बस्तर और सरगुजा में ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिल रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कवर्धा के वार्ड क्रमांक 26 में सामाजिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपए, खेल के क्षेत्र में प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने मिनी स्टेडियम के निर्माण तथा यज्ञशाला के निर्माण के लिए 20 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, घनश्याम वर्मा, संतोष कौशिक, कोमल जंघेल, निर्मल जंघेल, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, रामकुमार भट्ट, श्रीमती दीपा धुर्वे, रोशन दुबे, गोपाल साहू, मनहरण कौशिक, श्रीमती राजकुमारी राजेंद्र साहू, महेंद्र धृतलहरे, श्रीमती सरिता सोनी, श्रीमती दुर्गा सिंह, कल्याण सिंह, रुपेश जैन, रवि चंद्रवंशी, थानेश्वर जायसवाल, राजू नेताम तथा लोधी समाज के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

#### वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा, युवा पीढ़ी को प्रेरणा देगीः विजय शर्मा

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी अपने संबोधन में वीरांगना अवंतीबाई लोधी के साहस और बलिदान को स्मरण करते हुए समाज से एकजुट होकर अपनी गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि रानी अवंती बाई लोधी ने अंग्रेजों से जिस बहादुरी से लोहा लिया था ऐसी वीरांगना की प्रतिमा का अनावरण किया गया, जो युवा पीढ़ी को प्रेरणा देगी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठजनों द्वारा समाज को एकजुट रखते हुए सही दिशा दिखाने से समाज शैक्षणिक और वैचारिक रूप से समृद्ध होता है व विकास और उन्नति के पथ पर आगे बढ़ता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि नशे व्यसन इत्यादि से दूर रहते हुए अपने भविष्य निर्माण पर पूरी ऊर्जा केंद्रित करें। जिससे समाज की गौरवशाली इतिहास और परंपराएं आने वाली पीढ़ी तक पहुंचेगी और उन्हें सही राह दिखाएगी।

#### समाज की एकजुटता ही देश और प्रदेश के विकास की राह तय करता हैः भावना बोहरा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की एकजुटता ही देश और प्रदेश के विकास की राह तय करता है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र को कई सौगातें दी हैं, जिनमें प्रमुख रूप से पंडरिया को नालंदा परिसर बनने जा रहा है। सुतिया पाट बांध नहर विस्तारीकरण से इस क्षेत्र में सिंचाई सुविधा को बढ़ावा देगा। विभिन्न सड़कों के निर्माण और उन्नयन का कार्य प्रमुखता से किया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने महतारी शक्ति से आह्वान किया कि अपनी क्षमता को पहचानते हुए एक सशक्त समाज निर्माण में अपनी भूमिका अवश्य निभाएं।

## संत श्री नामदेव सामाजिक भवन विस्तार के लिए 6.50 लाख मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर के भोजली तालाब के पास स्थित संत श्री नामदेव कल्याण समाज समिति द्वारा आयोजित तेरस-होली मिलन समारोह इस बार केवल उत्सव तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज के विकास से जुड़ी एक बड़ी उपलब्धि का साक्षी भी बना।

कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी सामने आई कि संत श्री नामदेव सामाजिक भवन के अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य के लिए डिप्टी सीएम विजय शर्मा द्वारा 6.50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने मंच से जानकारी देते हुए बताया कि समाज की ओर से भवन विस्तार के लिए मांग पत्र सौंपा गया था, जिसे सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए यह स्वीकृति दी गई। इस घोषणा के साथ ही समाज में खुशी की लहर दौड़ गई और उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ इस निर्णय का स्वागत किया। इस अवसर पर संत श्री नामदेव समाज कल्याण समिति के कार्यकारी जिला अध्यक्ष चंद्रा नामदेव ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि लगभग तीन माह पूर्व नामदेव जयंती के अवसर पर विजय शर्मा स्वयं सामाजिक भवन पहुंचे थे, जहां उन्होंने समाज की आवश्यकताओं को समझते हुए भवन विस्तार की घोषणा की थी। चंद्रा नामदेव ने कहा कि डिप्टी सीएम ने जो वादा किया था, उसे निभाते हुए आज समाज को यह सौगात दी है। इससे न केवल भवन का विस्तार होगा, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों को भी एक नया आयाम मिलेगा।

## मां महामाया-शीतला मंदिर में 115 ज्योति कलश प्रज्जवलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

चैत्र नवरात्रि में देवी-मंदिरों में भक्तजनों द्वारा मनोकामना व ग्राम तथा क्षेत्र के सुख, शांति व समृद्धि के लिए मनोकामना जोत ज्वांरा ज्योति कलश प्रज्जवलित करते है। वहीं ग्राम कोलेगांव स्थित मां महामाया-शीतला मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस भी 115 ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं, वहीं नवरात्रि में देवी मंदिरों में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है, जहां बड़ी संख्या में दूर दराज से श्रद्धालु पहुंचकर माता रानी की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर घर परिवार की सुख-शांति व समृद्धि के लिए कामना किया जा रहा है। मां महामाया मंदिर सेवा समिति द्वारा



मिली जानकारी के अनुसार चैत्र नवरात्र में 115 ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं कलश स्थापना के साथ ही मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल व सुबह से शाम तक जय माता दी की नारा गुंज रहा है साथ ही साथ प्रतिदिन शाम को जस गीत-मंडली व भक्तजनों द्वारा माता रानी की सेवा-भक्तिमय मे लीन है। मिली जानकारी के अनुसार पंचमी से श्रद्धालुओं की संख्या में और बढ़ोतरी होगी जो अष्टमी तक श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी ज्योति कलश का दर्शन करने के लिए मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी। वही देवी मंदिरों में भक्तजन जिसमें दिनेश पाण्डेय, पवन शर्मा, शत्रुहन गिरी गोस्वामी, दिलीप सिंह चौहान, रामावतार साहू, महासिंह चौहान, सुखनंदन साहू, भगवानी साहू, शत्रुहन साहू, गुरुनद, राजू यादव, ओमप्रकाश यादव, आकाश यादव व माता रानी सेवा में पांडा मनी निषाद, कन्हैया साहू, झड़ी गोस्वामी, कोमल साहू, सहित मां महामाया सेवा समिति पुजारी मेघनाथ शर्मा, प्रशांत शर्मा एवं समस्त ग्रामवासी कोलेगांव के विशेष सहयोग से चैत्र नवरात्रि सेवा में जुटे हुए है।

## महिला शिखर सम्मान से सम्मानित हुईः श्रीमती पूनम तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राम्हण परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित महिला शिखर सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए श्रीमती पूनम तिवारी, व्याख्याता, विषय विज्ञान, शासकीय हाई स्कूल भालुचुवा बोड़ला को सम्मानित किया गया। यह भव्य समारोह रायपुर में आयोजित हुआ। जिसमें समाज की विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, श्रीमती अरुणा झा, डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस रायपुर, श्रीमती हेमलता शर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा जांजगीर, श्रीमती शताब्दी पांडेय, पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ बाल आयोग, रायपुर तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति थी। अपने संबोधन में अतिथियों ने श्रीमती पूनम तिवारी के शिक्षा क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयास न केवल विद्यालय तक सीमित हैं, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी प्रेरणादायक हैं। श्रीमती तिवारी ने इस सम्मान के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। साथ ही एक नई ऊर्जा के साथ नित नए नवाचारी गतिविधियों को और बेहतर बनाने के प्रयास को मजबूती प्रदान करती है। कार्यक्रम में पूनम तिवारी की गायन प्रतिभा को भी प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित एवं सराहा गया। श्रीमती नमिता शर्मा, महिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की उपलब्धियों को पहचान देना एवं उन्हें प्रोत्साहित करना था।

**न्यायालय नायब तहसीलदार 02 कुकदूर, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. .......... ब 121 / वर्ष 2025-26

आवेदक शत्रुहन पिता फागूराम जाति धोबा निवासी ग्राम दमगढ तहसील कुकदूर जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम **दमगढ** प.ह.नं. 07 को सूचित किया जाता है कि आवेदक शत्रुहन पिता फागूराम जाति धोबा निवासी ग्राम दमगढ तहसील कुकदूर जिला कबीरधाम के द्वारा तहसीलदार कुकदूर के समक्ष इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मेरा **पुत्र दिनेश कुमार पिता शत्रुहन का जन्म दिनांक 24/08/2007 को ग्राम दमगढ** में हुआ है, जिसका जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 27/03/2026 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 13/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक - 13/03/2026
पेशी दिनांक- 27/03/2026

मुहर

नायब तहसीलदार
कुकदूर

**उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा पत्रकारों का योगदान ऐतिहासिक**

## अविनाश ठाकुर बने छत्तीसगढ़ पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर अविनाश ठाकुर की नियुक्ति की घोषणा कवर्धा स्थित अर्बन हॉल-छप्पन भोग परिसर में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में की गई। समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अविनाश ठाकुर को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह केवल एक पद नहीं, बल्कि प्रदेश के पत्रकारों के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान को सशक्त बनाने का अवसर है। उन्होंने भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और पत्रकारों की समस्याओं के समाधान में प्रभावी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ हैं और समाज को दिशा देने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। राज्य सरकार पत्रकारों के हितों को लेकर गंभीर है और उनकी सुरक्षा, सुविधाओं तथा कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार संवाद के माध्यम से पत्रकारों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करने के लिए प्रतिबद्ध है। नक्सलवाद के मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ लंबे समय से इस चुनौती का सामना कर रहा है, लेकिन अब सरकार ठोस रणनीति के साथ इसे समाप्त करने की दिशा में कार्यरत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर नक्सलवाद पर निर्णायक नियंत्रण स्थापित किया जाएगा। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि नक्सलवाद के खिलाफ इस संघर्ष में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। पत्रकारों ने जोखिम उठाकर जमीनी सच्चाई को सामने लाने का कार्य किया है, जिससे आम जनता तक सही जानकारी पहुंच सकी। उन्होंने कहा कि यदि पत्रकारों का सहयोग न मिलता, तो इस दिशा में अपेक्षित प्रगति संभव नहीं थी। विजय शर्मा ने कहा कि जब भी छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जाएगा, उसमें पत्रकारों का योगदान स्वर्ण अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की अपील की। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष अविनाश ठाकुर ने संक्षिप्त रूप से आभार व्यक्त करते हुए संगठन की जिम्मेदारियों को समर्पण के साथ निभाने का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम में अन्य पत्रकारो ने भी अपना विचार रखा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष बीडी निजामी ने संगठन के बारे में विस्तार से बताया निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। कार्यक्रम मे रामकुमार भट्ट, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, गोपाल साहू, प्रदेश भर से आए हुए पत्रकार गण उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ो, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### रानीदहरा में मिले शव की पहचान, जांच जारी

**कवर्धा।** विकासखंड बोड़ला के प्रसिद्ध रानीदहरा झरना में बीते दिनो मिली अज्ञात युवती के शव की पहचान कर ली गई है। मृतका की पहचान सुखमती बैगा पति रामकुमार बैगा आयु 24 वर्ष निवासी ग्राम बांकल, चौकी खुड़िया, थाना लोरमी, जिला मुंगेली के रूप में की गई है। गौरतलब है कि बीते गुरुवार 19 मार्च को रानीदहरा झरना के नीचे पानी में एक युवती का शव तैरता हुआ मिला था, जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की गई थी। इस संबंध में एसडीओपी अखिलेश कौशिक ने बताया कि शव मिलने के मामले में विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। फिलहाल परिजनों द्वारा शव की शिनाख्त कर ली गई है और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया भी की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि घटना को लेकर अलग-अलग प्रकार की जानकारी सामने आ रही है, जिनकी गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

### ग्राम जरती में 23 से ज्ञान यज्ञ सप्ताह शुरू

**कवर्धा।** ग्राम जरती में 23 मार्च से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ की शुरुआत शोभायात्रा के साथ होगी। यज्ञ 31 मार्च तक चलेगा। कथाव्यास दंडी स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती होंगे। प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन होगा। आयोजकों द्वारा इस धार्मिक अनुष्ठान की जोरदार तैयारियां की जा रही है।

**कार्यक्रम:** व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद, की प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना

# मुख्यमंत्री साय ने जुनवानी नर्मदा धाम में की पंच कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

चैत्र नवरात्रि की पावन चतुर्थी तिथि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कबीरधाम जिले के ग्राम जुनवानी नर्मदा धाम में आयोजित पंच कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ विधि-विधान से यज्ञ की परिक्रमा की तथा व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान प्रदेशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की।

उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं का आत्मीय अभिवादन किया और सभी को चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जिला साहू संघ द्वारा आयोजित पंच कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा में शामिल होकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि आज इस पावन यज्ञ में शामिल होने का अवसर मिलना उनके लिए बड़े सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि साहू समाज एक विशाल, शिक्षित और समृद्ध समाज है, जो सदैव समाज को दिशा देने का कार्य करता रहा है। उन्होंने दानवीर भामाशाह का उल्लेख करते हुए कहा कि वे इसी समाज से थे, जिन्होंने अपने त्याग और दान से इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने आगे कहा कि रायगढ़ में सत्यनारायण बाबा भी इसी समाज से हैं, जो पिछले 28 वर्षों से खुले आसमान के नीचे तपस्या में लीन हैं। ऐसे महान संत समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई समाज संगठित होकर कार्य करता है, तो उसका लाभ केवल उस समाज तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उससे पूरे राष्ट्र का विकास होता है। साहू समाज इसी तरह संगठित और सशक्त होकर निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भवन निर्माण के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध कराने हेतु सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यहां आयोजित रुद्र महाशिव यज्ञ एवं कथा से छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को विशेष आशीर्वाद प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ संत-महात्माओं की तपोभूमि रही है। यह माता कौशल्या का मायका और प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। भगवान श्रीराम ने अपने वनवास का अधिकांश समय इसी धरती पर बिताया है, वहीं माता शबरी का पावन स्थान भी छत्तीसगढ़ में स्थित है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि व्यासपीठ पर विराजमान संत-महात्माओं की कृपा से प्रदेश में सवा लाख शिवलिंग स्थापना का पावन कार्य भी किया जा रहा है, जो आध्यात्मिक चेतना को और सशक्त करेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा "रामलला दर्शन योजना" संचालित की जा रही है। छत्तीसगढ़ के लोग भगवान श्रीराम को अपना भाचा मानते हैं, इसलिए उन्हें अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन कराने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई है। अब तक 40 हजार से अधिक रामभक्त अयोध्या जाकर दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि "मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना" के तहत प्रदेश के बुजुर्गों को देशभर के प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जा रही है, ताकि वे अपने जीवन में धार्मिक आस्था के इन पवित्र स्थलों का दर्शन कर सकें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में सरकार ने कई महत्वपूर्ण विधेयक प्रस्तुत किए हैं। इनमें छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक प्रमुख है, जिसे समाज में बढ़ती संवेदनशील परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लाया गया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पिछले कुछ समय से समाज के कमजोर वर्गों को निशाना बनाकर प्रलोभन, दबाव और भ्रम फैलाकर धर्मांतरण कराने की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे सामाजिक ताने-बाने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस गंभीर विषय को ध्यान में रखते हुए सरकार ने सख्त और स्पष्ट प्रावधानों के साथ यह विधेयक लागू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस कानून के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी प्रकार के छल, प्रलोभन या दबाव के जरिए धर्म परिवर्तन न हो सके। साथ ही विवाह के माध्यम से धर्मांतरण की आड़ में हो रहे दुरुपयोग पर भी अब पूर्ण विराम लगेगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि धर्म की रक्षा और समाज की सुरक्षा ही सरकार का संकल्प है, और इसी उद्देश्य के साथ यह विधेयक लाया गया है, ताकि प्रदेश में सामाजिक सद्भाव और शांति बनी रहे। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, अशोक साहू, राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के सदस्य भगत पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट, श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू, श्रीमती गंगा बाई लोकचंद साहू, डॉ वीरेन्द्र साहू, राजेन्द्र चंद्रवंशी, संतोष पटेल गोपाल साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, उमंग पांडेय, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पंच कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ की परिक्रमा कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान आईजी बालाजी राव, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल उपस्थित थे।

### जुनवानी स्थित नर्मदा धाम लोगों की आस्था का केन्द्रः विजय शर्मा



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जुनवानी स्थित नर्मदा धाम के नर्मदा कुंड में स्नान करना, पूजा-अर्चना करना और ऐसे धार्मिक आयोजनों में शामिल होना क्षेत्रवासियों के लिए हमेशा से आस्था और प्रतीक्षा का विषय रहा है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल से लोगों की गहरी भावनात्मक और धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मकता, एकता और सद्भाव का संदेश भी देते हैं। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि जब भी श्रीमद्भागवत, शिव महापुराण कथा एवं यज्ञ जैसे आयोजन होते हैं, तो सभी को इसमें अवश्य शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्सर घर के बुजुर्ग ही कथा सुनने आते हैं, लेकिन बच्चों और युवाओं की सहभागिता भी उतनी ही जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ी हमारी सनातन संस्कृति और परंपराओं से परिचित हो सके और उसे आगे बढ़ा सके।

# जिले के रेंगाखार सर्किल के जंगल में भीषण आग

## कीमती वनस्पति आग में स्वाहा, विभाग की दिखी लापरवाही



- विभाग के दावे खोखले, की जा रही है अनदेखी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेंगाखार

ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही एक बार फिर जिले के जंगलों में विभाग के लाख दावों के बाद भी आग दहक रही है और इस आग में जंगल के बेशकीमती पेड़-पौधे, वन संपदा खाक हो रही है।

हैरानी की बात है कि इतने सब के बाद भी वन विभाग का अमला बेसुध है। जानकारी के मुताबिक जिले के रेंगाखार सर्किल अंतर्गत लावा बेरला बीट के जंगल में भीषण आग लगने की खबर सामने आई है। इस आग से हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि जंगल में लगी यह आग इतनी भयावह थी कि जंगल का एक बड़ा हिस्सा खाक हो गया। बताया जा रहा है कि आग अज्ञात कारणों से लगी है, लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि घटना के काफी देर बाद तक वन विभाग का अमला मौके पर नहीं पहुंचा। इससे विभाग की कार्यप्रणाली और लापरवाही पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

माना जा रहा है कि समय रहते आग पर काबू पाया जाता तो नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता था। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन वन विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

### हर साल विभाग की ऐसी ही लापरवाही

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के जंगल पहले ही अवैध वन कटाई, लकड़ी तस्करी, अवैध खनिज खनन की भेंट चढ़ रहे हैं उस पर रही सही कसर हर साल जंगलों में लगने वाली आग पूरी कर रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि बीते शनिवार को भी विकासखण्ड पंडरिया के जंगलों में आग लगने की घटना सामने आई थी। जबकि जानकारों की माने तो हर साल शासन द्वारा वन विभाग को सिर्फ जंगल में लगी आग को बुझाने के नाम पर बड़ी राशि आबंटित करता है।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा के प्रयासों से चहुंमुखी विकासः वीरेंद्र साहू

- ग्राम सोनपुरी में किया गया 50 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अपने जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनपुरी में डॉ. वीरेंद्र साहू, जिला पंचायत सभापति के द्वारा रविवार को लगभग 50 लाख रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन संपन्न किया गया। बताया जाता है कि यह कार्य उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष स्नेह एवं मार्गदर्शन से संभव हो सका है। भूमिपूजन अंतर्गत डॉ वीरेंद्र साहू ने प्रमुख कार्यों में अहाता निर्माण 10 लाख रुपये, सामुदायिक शौचालय 4.18 लाख रुपये, सीसी रोड निर्माण 10 लाख रुपये, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, तथा आंगनबाड़ी भवन निर्माण 11.69 लाख रुपये की नींव रखी। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में डॉ. वीरेंद्र साहू ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये सभी निर्माण कार्य ग्राम के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करेंगे तथा आमजन को सीधा लाभ पहुंचाएंगे। उन्होंने प्रदेश सरकार एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में क्षेत्र में विकास की गति निरंतर बढ़ रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल, सरपंच श्रीमती नर्मदा योगी, घनश्याम साहू, नरेश साहू, बागेश्वर योगी, सनत साहू सहित पंचगण एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।




# भीषण गर्मी में बच्चों की सुरक्षा पर जोर आंगनबाड़ी समय प्रातः करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भीषण गर्मी के बीच छोटे बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ कबीरधाम ने एक सराहनीय पहल की है। संघ ने छत्तीसगढ़ शासन से मांग की है कि आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय को भी स्कूलों की तरह प्रातःकालीन किया जाए, ताकि नन्हे बच्चों को तेज धूप और बढ़ते तापमान से राहत मिल सके। संघ द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में बताया गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग ने ग्रीष्मकाल को देखते हुए शासकीय और अशासकीय विद्यालयों का समय सुबह कर दिया है। इस निर्णय से विद्यार्थियों को गर्मी से काफी राहत मिल रही है। हालांकि, आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत प्री-नर्सरी आयु वर्ग के बच्चों के लिए अभी भी पूर्ववत समय ही लागू है। ऐसे में तेज गर्मी के कारण इन बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। इस मांग को लेकर संघ की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया मेरावी, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, राधाबाई, उत्तरा यादव और प्रियंका मानिकपुरी ने संयुक्त रूप से पहल करते हुए शासन का ध्यान इस गंभीर विषय की ओर आकर्षित किया है। संघ ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि आंगनबाड़ी केंद्रों का समय सुबह किए जाने से बच्चों को सुरक्षित और अनुकूल वातावरण मिलेगा, साथ ही अभिभावकों को भी सुविधा होगी। यह मांग केवल समय परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षा और देखभाल से जुड़ा एक संवेदनशील प्रयास है, जिसे समाज के विभिन्न वर्गों का समर्थन भी मिल रहा है। अब उम्मीद जताई जा रही है कि शासन इस सकारात्मक पहल पर संवेदनशीलता दिखाते हुए जल्द ही उचित निर्णय लेगा, जिससे नन्हे बच्चों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके।




# चरडोंगरी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में विदाई समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरडोंगरी में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के लिए गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को शुभकामना के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। समारोह के दौरान कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने अपने विद्यालयीन अनुभव साझा किए और शिक्षकों व साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं कक्षा 6वीं एवं 7वीं के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों को बैच लगाकर तथा उपहार भेंटकर सम्मानित किया, जिससे कार्यक्रम का माहौल भावुक और उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक विजय पांडेय, शिक्षक रामसागर वर्मा, टंकेश्वर नाथ योगी एवं रेखा लहरें ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और जीवन में अनुशासन व मेहनत के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष हरिराम साहू द्वारा न्यौता भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समिति के सदस्य एवं अभिभावक उपस्थित थें। सभी ने विद्यार्थियों को आगामी शैक्षणिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस कार्यक्रम का समापन उत्साह और सकारात्मक वातावरण के बीच हुआ, जहां विद्यार्थियों ने नई शुरुआत के संकल्प के साथ विद्यालय से विदाई ली।

**ग्रामीणों ने अनोखा विरोध प्रदर्शन करते हुए की विभागीय अधिकारी की पूजा अर्चना**

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का नेशनल हाईवे में कि चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बेमेतरा जिले के ग्राम तेंदो से कबीरधाम जिले के ग्राम करही तक सड़क निर्माण की वर्षों पुरानी मांग को लेकर रविवार को ग्रामीणों का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे रायपुर–जबलपुर नेशनल हाईवे पर बैठकर चक्काजाम करने को मजबूर हो गए। इस दौरान ग्रामीणों ने अनोखा विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के ईई की पूजा-अर्चना कर उन्हें माला पहनाई और श्रीफल भेंट किया, मानो उन्हें देवता मानकर सड़क निर्माण की गुहार लगा रहे हों। प्रदर्शन के दौरान ढोल-मांदर की थाप पर ग्रामीण जसगीत गाते नजर आए, जिससे आंदोलन ने सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक रूप ले लिया। यह दृश्य प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ गहरे व्यंग्य और पीड़ा को दर्शाता है। युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने आंदोलनरत ग्रामीणों के समर्थन में भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीण अपनी सड़क की मांग के लिए देवी-देवताओं से प्रार्थना करते, तो शायद अब तक सड़क बन जाती, लेकिन दुर्भाग्यवश अधिकारियों की अनदेखी के कारण आज उन्हें अधिकारियों की पूजा कर मांग मनवाने की स्थिति में आना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार केवल आत्मकल्याण और परिवार कल्याण में व्यस्त है, जबकि आम जनता की मूलभूत समस्याओं से उसका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के अधिकांश गांव आज भी सड़क, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। तेंदो–करही सड़क इसका स्पष्ट उदाहरण है, जहां ग्रामीण वर्षों से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काटते रहे, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। प्रदर्शन के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। अधिकारियों द्वारा जल्द सड़क मरम्मत कार्य शुरू करने के आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि वे मंत्री विजय शर्मा, क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा, कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार एवं पीएमजीएसवाई अधिकारियों तक अपनी मांग पहुंचा चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जबकि खराब सड़क के कारण आवागमन बेहद कठिन हो गया है, विशेषकर बारिश के मौसम में हालात बदतर हो जाते हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक जीवन की सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं। युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही ग्राम तेंदो से करही तक सड़क का तत्काल निर्माण, लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई तथा समयबद्ध कार्य योजना की घोषणा नहीं की गई तो युवा कांग्रेस ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# बोड़ला के छात्र-छात्राओं ने किया छत्तीसगढ़ विधानसभा, नया रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला के स्नातक एवं स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र के छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ की नवीन विधानसभा का भ्रमण करने का अवसर मिला। एनईपी 2020 अंतर्गत सैद्धांतिक के साथ-साथ प्रयोगिक अध्ययन प्रक्रिया को महत्वपूर्ण माना गया है। इसी पाठ्यक्रम अंतर्गत यह भ्रमण आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने बजट सत्र 2026 अंतर्गत विधानसभा की विभिन्न प्रक्रियाओं तथा बजट चर्चा को सुना और देखा। उन्होंने यह भी समझा कि सदन में किस तरह विधायकगण प्रश्न पूछते हैं और मंत्री आदि द्वारा उनका किस प्रकार उत्तर दिया जाता है। विभाग से संबंधित अनुदान मांग पर हो रही चर्चा को उन्होंने प्रत्यक्ष रूप में देखने और समझने का प्रयास किया। विधानसभा में कार्यवाही देखने के साथ-साथ पूरी टीम ने कवर्धा के विधायक और उपमुख्यमंत्री के विधानसभा कार्यालय को भी देखा। उपमुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से सभी विद्यार्थियों को पेन तथा नक्सल उन्मूलन से संबंधित पत्रिका प्रदान कर अभिवादन किया गया। विद्यार्थियों ने इस दौरान नया रायपुर के विभिन्न सेक्टरों तथा विभागीय कार्यालयों को भी देखा। उन्होंने नया रायपुर की योजनाबद्ध बसाहट को देखा तथा नगर नियोजन की परिकल्पना को मूर्त रूप में जाना तथा समझा।

